## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत युवा संसद का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज राष्ट्रीय स्तर पर उद्घाटन करेंगे।
2. पर्यटन विभाग संस्कृति, खेल और स्थानीय परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानसून कार्निवल का आयोजन करेगा।
3. संघ लोक सेवा आयोग ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं।
4. ननकौड़ी और कैम्पबेल होते हुए चेन्नई की यात्रा पर जाने वाले जहाज एमवी कैंपबेल बे की बची हुई टिकटों का वितरण कल से जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में कल से चल रहे विकसित भारत युवा संसद का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज राष्ट्रीय स्तर पर उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन से युवा नागरिकों को शासन, नीतिगत विचार–विमर्श और संसदीय कार्यप्रणाली की व्यावहारिक समझ प्राप्त हो सकेगी। विकसित भारत युवा संसद एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं की ऊर्जा, विचारों और आकांक्षाओं को राष्ट्रीय चर्चा में शामिल करता है। संसद में प्रत्येक टीम से एक प्रतिनिधि नारी शक्ति वंदन– समावेशिता को बढ़ावा देना और विकसित भारत 2047 विषय पर सदन को संबोधित करेगा। प्रत्येक प्रतिनिधि को बोलने के लिए 3 मिनट का समय मिलेगा। युवा प्रतिभागियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए कल विकसित भारत युवा संसद 2026 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग शिक्षा, खेल एवं युवा मामले, ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्था, जनजातीय कल्याण, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद तथा अन्य संबद्ध विभागों के सहयोग से 26 से 28 जून तक कार्बाइंस कोव तट पर मानसून कार्निवल का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य पर्यटन, संस्कृति, खेल, स्थानीय परंपराओं, हस्तशिल्प, व्यंजनों और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाना है।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें 'बीच स्पोर्ट्स फेस्ट' के तहत 26 और 27 जून, को दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक कॉर्बिन्स कोव तट पर पुरुष और महिला श्रेणियों में वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट और रील मेकिंग शामिल है। इस दौरान प्रदर्शनी मैदान में फूड फेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। आवेदन पत्र पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट

के लिए 23 जून, बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट के लिए 24 जून, जबकि रील मेकिंग के लिए 25 जून दिन में 11 बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डिजिटल इंडिया भाषिणी और सरकारी ई–मार्केटप्लेस ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य सरकारी खरीद सेवाओं को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाना है। इस पहल के जरिए 22 भाषाओं सहित अन्य भारतीय भाषाओं में जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

<><><><><><><>

क्लिनिकल रिसर्च यूनिट होम्योपैथी, की ओर से हाल ही में सीआईएसएफ यूनिट में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों के लिए स्वास्थ्य कल्याण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता पहल आयुष मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के बीच साक्ष्य–आधारित आयुष स्वास्थ्य देखभाल, कल्याण रणनीतियों और निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर आर. चिदंबरम और इंस्पेक्टर कल्याण छेत्री ने बल की स्वास्थ्य तत्परता के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान, अनुसंधान अधिकारी डॉ. शांति ने होम्योपैथी के मूल सिद्धांतों और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित प्रभावशाली अनुसंधान पहलों पर व्याख्यान दिया। रिसर्च फेलो डॉ. तन्मय हलदर ने मेटाबॉलिक सिंड्रोम और व्यावसायिक तनाव की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए बल के साथ किए जा रहे सहयोगात्मक अनुसंधान और देशव्यापी पहल प्रोजेक्ट मान के बारे में भी जानकारी साझा की। इस अवसर पर 54 सीआईएसएफ कर्मियों को विशेष होम्योपैथी वेलनेस किट वितरित किए गए।

<><><><><><><>

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। आयोग ने बताया है कि एक हजार से अधिक रिक्तियों के लिए तेरह हजार से अधिक उम्मीदवारों का सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए चयन किया गया है। यूपीएससी ने उम्मीदवारों को यह भी बताया है कि उनके अंक, कट ऑफ अंक और उत्तर सूची अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद आयोग की

वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in से प्रारंभिक परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के आज दोपहर 12 बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में साढ़े पांच सौ से अधिक यात्री, और तीन सौ पचास से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

इस बीच, ननकौड़ी और कैम्पबेल होते हुए चेन्नई की यात्रा पर जाने वाले जहाज एमवी कैंपबेल बे की बची हुई टिकटों का वितरण कल दोपहर दो बजे से जारी किए जाएंगे। जहाज 18 तारीख को सुबह 9 बजे हैडो जेट्टी से प्रस्थान करेगा।

<><><><><><><>

'जनजातीय सब्सिडी योजना' के अंतर्गत जनजातीय समूहों के बीच आजीविका सृजन और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 120 सोनाली देसी मुर्गियां सौंपी गई हैं। इन्हें स्ट्रेट आइलैंड में रहने वाले जनजातीय लाभार्थियों के बीच वितरित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के बीच घरेलू पोल्ट्री फार्मिंग, आय और स्वरोजगार में वृद्धि और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देना है। विभाग जनजातीय कल्याण और आजीविका वृद्धि पर विशेष जोर देते हुए पूरे द्वीप समूह में विभिन्न पोल्ट्री और पशुधन विकास कार्यक्रम सक्रिय रूप से लागू कर रहा है।

<><><><><><><>

भारत सरकार की महिला हेल्पलाइन–181 और चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 संकट, हिंसा या शोषण का सामना कर रहे महिलाओं और बच्चों को तत्काल सहायता, सुरक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए स्थापित समर्पित सहायता सेवाएं हैं। इन हेल्पलाइनों का मुख्य उद्देश्य उनकी सुरक्षा, कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। समाज कल्याण निदेशालय के तहत महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष में ये समर्पित हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे, 7 दिन और 365 दिन काम कर रहे हैं। ये हेल्पलाइन पीड़ितों को संबंधित आवश्यक सेवाओं जैसे–पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और अन्य सहायता सेवाओं से जोड़ती हैं। इसके अतिरिक्त, यह हेल्पलाइन काउंसलिंग प्रदान करती है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द गिस्ट को दिए साक्षात्कार में कहा–ग्रेट निकोबार भारत के समुद्री भविष्य को नई दिशा दे सकता है–इस समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने इस खबर के अलावा पर्यटन निदेशालय द्वारा मानसून कार्निवल का आयोजन और दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार–2026 के लिए आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्री सुविधा दिवस मनाए जाने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने नशा मुक्त अभियान के तहत खास मानसिक स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को सचित्र छापा है, और **द इको ऑफ इंडिया** ने द्वीपसमूह के पीआरआई सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री से ग्रामीण विकास कार्यों के लिए फंड का सही बंटवारा सुनिश्चित करने की अपील करने के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>